Choithram school North Campus

LESSON PLAN - 4

कक्षा - सातवीं

हिंदी

(BLOOM'S LEVELS AND SUB CATEGORIES TO BE PUT ACCORDINGLY, THE TABLE TO BE FILLED)

TOPIC- मिठाई वाला

KPI - 1 : वर्तनी से संबंधी अशुद्धियां एवं लेखन से संबंधित अशुद्धियां दूर करना

BRIEF DESCRIPTION- पाठ-परिचय : प्रस्तुत कहानी में लेखक श्री भगवती प्रसाद वाजपेई मिठाई वाले के माध्यम से फेरी वालों के जीवन एवं परिश्रम से अवगत करवाना चाहते हैं। लेखक कहते हैं कि बच्चों की पसंद की अलग-अलग चीजें बेचने वाला खिलौने वाला गली-गली में घूम-घूम कर खिलौने बेचता है और अपनी मधुर वाणी से सभी को आकर्षित करता है। इन चीजों को बेचने का कारण एवं उसके जीवन के बारे में रोहिणी जब उससे पूछती है तब वह भावुक हो जाता है और बताता है कि किस तरह उसके परिवार का अंत हो गया और जीवन के सभी सुख होने के बाद भी वह अकेलापन महसूस करता है। अपने जीवन की इस व्यथा और अवसाद को दूर करने के लिए वह गली-गली में घूम कर अलग-अलग प्रकार का सामान बेचता है। बच्चों के बीच रहकर वह अपने दुखों को भूलने का प्रयास करता है और उन्हीं बच्चों में अपने बच्चों की झलक देखने के लिए आतुर रहता है।

UN SUSTAINABLE GOALS TO BE DISCUSSED(if applicable; otherwise not to be written)

OBJECTIVES:

1- Specific Objectives

To enable the students to

SP1 उचित वर्तनी प्रयोग करके लेखन सम्बंधी अशुद्धियों को दूर करना।

SP 2 उचित उच्चारण एवं शब्दावली के प्रयोग से लेखन में सुधार कराना।

Sp 3 शब्द भंडार एवं अर्थबोध का विकास करना।

Sp 4 सही अन्वय एवं उचित वाक्यविन्यास का अभ्यास।

Sp 5 स्तरानुकूल भाषा में लेखन का अभ्यास।

2-Behavioural Objectives

To enable the students to-

BO 1 गली मोहल्ले में घूमने वाले फेरी वालों के जीवन से परिचय।

BO 2 छात्रों के मन में सहानुभूति एवं संवेदनशीलता विकसित करना।

BO 3 लेखन में रुचि विकसित करना।

BO 4 सहयोग एवं सद्भावना के लिए प्रेरित करना।

PROCESS/ACTIVITIES

(these can be put under-activity to introduce, activity to support learning, activity to assess

शिक्षण गतिविधियो-

ACT 1 Activity to introduce learning

पाठ का केंद्रीय भाव स्पष्ट करते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखना।

प्रक्रिया: शिक्षक द्वारा स्पष्ट व्याख्या के बाद छात्र अपने शब्दों मे पाठ का मूल भाव स्पष्ट करते हुए प्रश्न-उत्तर लिखेंगे।

ACT 2 Activity to support learning

ग्राहक एवं दुकानदार के बीच संवाद-लेखन

प्रक्रिया : छात्र दैनिक जीवन की घटनाओं से प्रेरित होकर ग्राहक एवं दुकानदार के बीच संवाद लेखन करेंगे।

ACT 3 Activity to assess learning

कहानी के आधार पर मिठाई वाले का चरित्र-चित्रण

प्रक्रिया : छात्र कहानी को पढ़ने के बाद एवं यूट्यूब पर वीडियो देखकर कहानी को आत्मसात करेंगे एवं मिठाई वाले का चरित्र-चित्रण लिखेंगे।

ASSESSMENT: (मूल्यांकन बिंदु)

A 1 लिखित एवं मौखिक प्रश्नों के माध्यम से:

1 खिलौनेवाले की आवाज किस प्रकार बच्चों को आकर्षित करती थी ?

2 खिलौने वाले और मुरली वाले के स्वर में क्या समानता थी ?

3 मुरली वाले का बाहरी व्यक्तित्व कैसा था ?

4 भावुक होकर मिठाई वाले ने अपनी क्या कथा सुनाई ?

A 2 संवाद-लेखन का मूल्यांकन निम्न बिंदुओं के आधार पर किया जाएगा।

Parameters:

विषय-वस्तु   भाषा -शैली   प्रस्तुतिकरण

A 3 पाठ का वीडियो दिखाने के बाद प्रश्नोत्तरी के माध्यम से चरित्र की विशेषताओं पर चर्चा के माध्यम से।

शिक्षण अधिगम प्रक्रिया :

सर्वप्रथम पाठ प्रवेश करते हुए छात्रों को शीर्षक की उपयोगिता बताई जाएगी। तत्पश्चात पाठ का आदर्श वाचन किया जाएगा। छात्रों को अनुकरण वाचन करवाया जाएगा। कहानी में आए कठिन शब्दों का अर्थ बताया जाएगा और सरल शब्दों में व्याख्या की जाएगी। मूलभाव स्पष्टीकरण के बाद छात्रों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। पुनराभ्यास के लिए वीडियो दिखाया जाएगा तत्पश्चात छात्र पाठ का केंद्रीय भाव एवं मिठाई वाले के चरित्र की विशेषताएं लिखेंगे। प्रश्नोत्तर विधि के द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा।

DIGITAL CONTENT TO BE USED: (if applicable)

(Links to be written)

1 www. YouTube .com

EXPECTED LEARNING OUTCOMES -

अपेक्षित परिणाम :

1 वर्तनी में सुधार के साथ उचित विराम चिन्हों का प्रयोग करते हुए लेखन कौशल का विकास।

2 लेखन में रुचि विकसित करना।

3 अर्थ ग्रहण क्षमता का विकास ।

4 फेरी वालों के लिए सद्भावना एवं संवेदनशीलता का विकास ।

5 संवाद-लेखन की क्षमता विकसित करना।

	Placement of Objectives, Instructional Activities and Assessment					
	Knowledge	Understanding	Application	Analysis	Synthesis	Evaluation
Objectives	SP3	SP4,5	SP1,SP2	BO3		
Activities		A3	A2	A1		
Assessment		A1	A2			A1

REVIEW OF THE LESSON PLAN

(To be done when lesson gets over)

Problem faced -

Success -

Failure -

Real Learning outcomes -

ELO-

Student’s response/ participation

Teacher’s Learning

TO INCORPORATE IN TERM 2 -